nandgaon times april-10-5.qxd 4/9/2026 11:57 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

हर्षोल्लास से मना बापूजी का... पृष्ठ 2 | नौकरी दिलाने के नाम... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 175, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# धन्यवाद... कलेक्टर महोदय

## अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों का दर्द समझने वाले जिलाधीश



### पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती हैं , मंजिल उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है

यह कहावत सही मायनों में राजनांदगांव में चरितार्थ कर रहे हैं राजनांदगांव जिले के युवा और ओजस्वी कलेक्टर जितेंदर यादव जिले की कमान संभालते ही उन्होंने अपनी कार्यकुशलता से यह साबित कर दिया कि एक संवेदनशील प्रशासनिक अधिकारी ना केवल दफ्तर चलाता है बल्कि जनता के दिलों में जगह भी बनाता है अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की पीड़ा को अपनी प्राथमिकता समझने वाले कलेक्टर श्री यादव आज लापरवाही बरतने वाले नौकरशाहों के लिए काल और आम जनता के लिए उम्मीद की किरण बन चुके हैं राजनांदगांव जिला महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से जुड़े होने के कारण धान खरीदी के समय सभी बार्डर पर रात दुदिन (24 घंटे) मॉनिटरिंग करना (सख्ती से) बिचौलियों के धान को पकड़ कर शासन को फायदा पहुंचाना ये सोच श्री यादव जी ही की सोच हो सकती है।

### अवैध प्लाटिंग को नेस्तानाबूद किया

अपने औचक निरीक्षणों से सरकारी महकमों के कर्मचारियों की सुस्ती दूर करना, अवैध प्लाटिंग को नेस्तानाबूद करना जनसुनवाई में आने वाले शिकायतों का सौ (100 प्रतिशत) फीसदी निराकरण करने के निर्देश जारी कर त्वरित कार्रवाई करने से जनमानस में इनकी चर्चा यह प्रमाणित करता है कि कुछ ही महीने में कैसे प्रशासनिक व्यवस्थाओं में कैसे कसावट लाई जाती है। कलेक्टर की सख्ती के चलते दफ्तर में बैठे अधिकारी और बाबू आमजन की समस्याओ का निराकरण करने के लिए बाध्य हुए हैं। एक युवा अधिकारी ही जमीनी समस्याओं का आंकलन कर उनके निराकरण की बिसात बिछा सकता है और यह काबिलियत नजर आ रही हैं राजनांदगांव जिले के जिलाधीश श्री यादव जी में।

### जनदर्शन में मिली शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, जिससे हितग्राहियों को समयबद्ध राहत मिल सके। इसी कड़ी में राजनांदगांव चिखली निवासी श्रीमती उर्मिला बाई उके द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में बिल्डर द्वारा अवैध रूप से बनाई गई दीवार के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। दीवार निर्माण के कारण उनके आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। संबंधित विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कर अवैध रूप से निर्मित दीवार को तोड़ा गया और आवेदक श्रीमती उर्मिला बाई उके को न्याय दिलाया गया।

### कलेक्टर वायदे व दावे न कर सीधे मूर्तरूप देने में भरोसा रखते है

मध्यम वर्ग, गरीब और ग्रामीण तबके के बीच यह भरोसा साफ दिख रहा है कि प्रशासन अब केवल सुन नहीं रहा, बल्कि तय समय में समाधान भी दे रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण राजस्व मामलों में देखने को मिला है, जहां नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे जटिल प्रकरणों में 205 मामलों का निपटारा 5 दिनों के भीतर हो चुका है, और यही गति आगे भी बनी हुई है। इस बदलाव के पीछे कलेक्टर जितेंद्र यादव की सख्त मॉनिटरिंग और स्पष्ट जवाबदेही रही है। बैठकों में दिए गए लक्ष्य की नियमित समीक्षा हो चुकी है और अधिकारियों की प्रगति पर लगातार नजर रखी गई है। जल संरक्षण के क्षेत्र में भी प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं। जिले में लंबे समय से यह समस्या रही है कि नहरों का पानी काटकर चोरी से धान की खेती की जाती थी और बोरवेल से भी अत्यधिक पानी निकाला जाता था। इस पर सख्ती करते हुए ऐसे कृत्यों को अपराध की श्रेणी में लेते हुए रबी फसल के दौरान फील्ड पर गश्त के साथ खड़ी नजर रखी गई जिसका परिणाम भी काफी सार्थक रहा। इसके साथ ही, केवल दंडात्मक कदमों पर निर्भर रहने के बजाय गांव-गांव जाकर किसानों को समझाइश दी जा चुकी है, जिससे जल संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ी है। बैंकिंग संस्थाओं और कृषि विभाग के साथ तालमेल बनाकर किसानों को भरोसा दिलाया जा चुका है कि फसल बदलने पर उन्हें नुकसान नहीं होगा। इससे किसानों में धीरे-धीरे भरोसा बन रहा है कि वैकल्पिक फसलें केवल विकल्प नहीं, बल्कि आय का स्थायी साधन बन सकती हैं। जल संरक्षण की दिशा में जो काम पहले शुरू हुआ था, उसे आगे बढ़ाते हुए प्रशासन ने निरंतरता बनाए रखी है। लोगों के अनुभव में यह बदलाव साफझलक रहा है— **अब सरकार दूर नहीं, हमारे बीच काम करती हुई दिख रही है।**

### 14 करोड़ का अवैध धान जब्त, 50 वाहन सीज

कोचियों- बिचौलियों के खिलाफचलाए गए विशेष अभियान के तहत राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और डोंगरगांव अनुविभागों में बड़ी कार्रवाई की गई। प्रशासन ने करीब 43,912 क्विंटल अवैध धान, जिसकी अनुमानित कीमत 14 करोड़ रुपये है, जब्त की है। इसके साथ ही अवैध परिवहन में प्रयुक्त 50 वाहनों को सीज किया गया है।

### धान बेचने में किसानों ने तोड़ा रिकॉर्ड

प्रशासनिक सख्ती और पारदर्शी व्यवस्था का परिणाम यह रहा कि जिले में अब तक 1,14,508 किसानों ने धान की बिक्री की है। आगामी दिनों के लिए 12,949 टोकन जारी किए गए हैं, जिससे यह तय माना जा रहा है कि इस वर्ष लगभग 2 हजार किसान अधिक धान बिक्री करेंगे। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी वास्तविक किसान को सोसायटी में धान बेचने में कोई दिक्कत न हो इसी कारण किसानों में उत्साह और विश्वास दोनों देखने को मिला।

# हर्षोल्लास से मना बापूजी का जन्मोत्सव, यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री योग वेदांत सेवा समिति व समस्त साधको के द्वारा पूज्य संत श्री आशारामजी बापू का अवतरण दिवस अर्थात् च्विश्व सेवा-सत्संग दिवसज् पर विभिन्न नि:स्वार्थ सेवाकार्यों को करते हुए मोहारा स्थित आश्रम में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । 85वां अवतरण दिवस पर 85 दीप प्रज्वलित कर भजन-कीर्तन व सत्संग का श्रवण किया गया। सुबह से आश्रम में साधको की काफी भीड़ उमड़ने लगी तथा कार्यक्रम के अंत में भोजन भंडारा का आयोजन किया गया ।

**नगर में निकली हरिनाम कीर्तन यात्रा**

शहर के शीतला मंदिर प्रांगण से विशाल संकीर्तन यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें सांस्कृतिक झाँकियों के साथ-साथ समिति एवं आश्रम द्वारा संचालित सेवाकार्य, संत-महापुरुषों की महिमा, देशभक्ति दर्शाते बैनर और गरीबों की सेवा के संदेश को लेकर हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया । भीड़ देख के लगा कि बापूजी के ऊपर झूठे आरोप लगाने बावजूद उनके शिष्यों की श्रद्धा में थोड़ी भी कमी नहीं आयी है । जगह-जगह शोभायात्रा यात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प-हारों से स्वागत किया गया । इसके अलावा गरीबों, जरूरतमंदों में भंडारे का आयोजन भी किया गया । इस निमित्त डोंगरगढ़, डोंगरगांव, गोटाटोला, गंडई, खैरागढ के सार्वजनिक स्थानों पर नि:शुल्क शीतल पलाश शरबत, छाछ, फल वितरण की सेवा की गयी जो आगे भी पूरी गर्मियों में चालू रहेगी।

**धूमधाम से मनाया गया बापूजी का अवतरण दिवस**

**जन्मोत्सव पर 60 वर्षो से चल रही अनेको सेवाकार्य**

श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर एवं कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि आज विश्व के सामने खड़ी अनेक समस्याओं का समाधान समाज की नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने से ही सम्भव है। इसका उद्घोष एवं सफल भगीरथ प्रयास किया है - लोकसंत श्री आशारामजी बापू ने । उनका यह प्रयास आज विश्वव्यापी अभियान का रूप ले चुका है । पूज्य बापूजी से प्रेरणा पाकर उनके करोड़ो शिष्य अपने सद्गुरुदेव के अवतरण-दिवस को च्विश्व सेवा-सत्संगज् दिवस के रूप में पिछले अनेक वर्षों से मनाते आ रहे हैं । पूज्य बापूजी के प्रेरणा से उनके शिष्यों द्वारा विभिन्न समाजोत्थान के कार्य किये जाते हैं । गरीबों, अनाथों, अभावग्रस्त आदिवासियों और अस्पतालों में मरीजों को अन्न, औषधि, वस्त्र आदि जीवनोपयोगी वस्तुएँ तथा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है तथा बच्चों को सत्साहित्य, नोटबुकें आदि का वितरण, 'नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों' का आयोजन आदि किया जाता है । इस आयोजन में मुख्य रूप से संतोष पिल्ले, दिलीप सिन्हा, महेश रायचा, वीरेंद्र साहू, भोजेस्वर साहू, उमाशंकर कुंवर, गोपाल यादव, गोस्वामीजी, रामाधीन साहू, राजू भाई, नम्मू साहू, घनाराम साहू, चिरंजय साहू, ओमराम, नोहर जंघेल, दिलीप साहू, दलेस्वर साहू, टहलूराम साहू के साथ बाल संस्कार, महिला मंडल एवं युवा सेवा संघ के सेवाधारियों का विशेष सहयोग रहा ।

## अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र अब तक नहीं खुला : मुकेश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मुकेश निर्मलकर ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ग्राम पंचायत ठाकुरटोला, सोमनी सहित आसपास लगे ग्रामों की जनसंख्या लगभग 50 हजार की संख्या में नागरिक निवास कर रहे हैं। वर्तमान में बैंकों, राज्य एवं केन्द्र छात्रवृत्ति सहित विभिन्न प्रकार के योजनाओं से मिलने वाले लाभ सीधे खाते में आते हैं। लेकिन शासन के नियमानुसार सभी योजनाओं व बैंकों में प्रत्येक 6 माह में केवायसी नागरिकों को कराना अनिवार्य होता है। श्री निर्मलकर ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार जनता को योजनाओं का लाभ न देकर डिजिटल प्रक्रिया में उलझाकर रख रही है। नतीजा यह हो रहा है कि जनता को योजनाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल रहा है। विदित हो कि छात्रवृत्ति कार्य भी आधार आधारित भुगतान होने के कारण विद्यार्थियों को आधार सीडिंग आदि कार्य भी कराना जरूरी हो गया है। बच्चे छोटे होने के कारण दूरस्थ शहर में जाकर उक्त कार्य कराने में दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता हैं। आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, नक्शा, खसरा सहित छ.ग. शासन के विभिन्न योजनाओं से जुड़ने पंजीयन कराने हेतु डिजिटल सुविधा केन्द्र की आवश्यकता पड़ती है। श्री निर्मलकर ने बताया कि भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र पूरे प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में खोलने की घोषणा की थी। परन्तु 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक साय सरकार की घोषणा मूर्तरूप नहीं ले पाया है। श्री निर्मलकर ने भाजपा सरकार पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि ठाकुरटोला, सोमनी क्षेत्र में डिजिटल सुविधा केन्द्र शीघ्र खोले ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की केवायसी सहित विभिन्न कागजातों को डिजिटल केन्द्र के माध्यम से बनाने में कोई परेशानी न हो। श्री निर्मलकर ने चेतावनी दी है कि उक्त डिजिटल सुविधा केन्द्र सरकार शीघ्र नहीं खोलती है तो युवा कांग्रेस उक्त मांग को लेकर शासन-प्रशासन का घेराव करेगी।



## माता भानेश्वरी जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर अहम आयोजन - भागवत साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ साहू समाज के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन माता भानेश्वरी जन्मोत्सव को इस वर्ष भव्य रूप से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में दुर्ग संभाग स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी शामिल होंगे और आयोजन की रूपरेखा तय की जाएगी। प्रदेश साहू संघ रायपुर के पत्र क्रमांक 244, दिनांक 05/04/2026 के संदर्भ में, दुर्ग संभाग स्तर पर माता भानेश्वरी जन्मोत्सव को संगठित एवं सफल बनाने हेतु यह बैठक बुलाई गई है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आयोजन की विस्तृत योजना तैयार करना, जिम्मेदारियों का वितरण करना तथा विभिन्न तहसीलों एवं परिक्षेत्रों के बीच समन्वय स्थापित करना है। जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने कहा कि दिनांक 10 अप्रैल 2026 शुक्रवार समय दोपहर 12:00 बजे स्थान जिला साहू सदन जिला अस्पताल के पास बसंतपुर में आहूत की जायेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में तहसील, परिक्षेत्र एवं जिला स्तर के सभी पदाधिकारीगण अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य प्रतिनिधियों से सादर निवेदन किया गया है कि वे अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें ताकि आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाया जा सके। सभी तहसील अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक के दिन जनगणना सूची साथ लाएं परिक्षेत्रवार संबंधता शुल्क राशि जमा करें। जिला साहू संघ राजनांदगांव के महामंत्री नीलमणी साहू द्वारा जारी इस सूचना के माध्यम से सभी संबंधित पदाधिकारियों से सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की गई है। यह बैठक न केवल आयोजन की सफलता का आधार बनेगी बल्कि समाज में एकता और संगठनात्मक मजबूती को भी दर्शाएगी।



# भेड़ीकला मे भाजपा ग्रामीण मंडल पश्चिम के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान सम्पन्न



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल पश्चिम के तत्वावधान में आज दिनांक 09 अप्रैल 2026, गुरुवार को ग्राम भेड़ीकला स्थित शीतला मंदिर (माता) तालाब परिसर में च्गांव चलो अभियानज्ज् के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्या क्षेत्र क्रमांक 16 माननीय पूर्णिमा कृष्णा साहू (सभापति, स्थाई कृषि समिति, जनपद पंचायत राजनांदगांव), पूर्व सरपंच कृष्णा साहू एवं पूर्व जनपद सदस्य तेजराम देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही प्रखर जन कल्याण सेवा समिति भेड़ीकला के संरक्षक हेमचंद साहू, अध्यक्ष डॉ. सूर्य प्रकाश, उपाध्यक्ष बसंत चंद्राकर, सचिव ईश्वर साहू, कोषाध्यक्ष डोमार देवांगन, श्रवण साहू, सुरेश साहू, भूपेश साहू सहित अन्य सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। अभियान के दौरान मंदिर एवं तालाब परिसर की साफ-सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जन-जन की जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## ऑटो-टैक्सी व्यवस्था होगी व्यवस्थित, नए बस स्टेण्ड पर फोकस

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के यातायात को सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से पुराना बस स्टेण्ड को नए बस स्टेण्ड में स्थानांतरित किए जाने के संबंध में आज यातायात विभाग द्वारा ट्रक, ऑटो एवं टैक्सी संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई।



बैठक पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल व अमित पटेल के मार्गदर्शन में नव नियुक्त यातायात प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा ली गई। बैठक में शहर के विभिन्न ट्रांसपोर्ट संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें ट्रक संघ से राजेन्द्र मिश्रा, अभिषेक तिवारी, मुकुंद चन्द्रवंशी, कलेश्वर चन्द्रवंशी तथा ऑटोध्टैक्सी संघ से श्री अजय सिंह ठाकुर, इम्तियाज कुरैषी, आकाश, जितेन्द्र गुप्ता एवं श्री कृष्णालाल साहू शामिल हुए। बैठक में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं आम नागरिकों को सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा की गई तथा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें ऑटो एवं टैक्सी के लिए दिन एवं रात्रि के किराया दर का निर्धारण किया जाएगा, जिससे यात्रियों को पारदर्शी एवं उचित किराया सुविधा मिल सके। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए बस स्टेण्ड में व्यवस्थित टैक्सी स्टेण्ड स्थापित किया जाएगा। शहर में संचालित ऑटो एवं टैक्सी का क्रमबद्ध नम्बरिंग किया जाएगा, जिससे पहचान एवं नियंत्रण में सुविधा होगी। पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जाएगा तथा निर्धारित स्थलों पर ही वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित की जाएगी। भोरमदेव तिराहा में हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

## आमाकट्टा में आंगनबाड़ी केन्द्र का उद्घाटन

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** मासूलकसा पंचायत के आश्रित ग्राम आमाकट्टा में 8 अप्रैल को आंगनबाड़ी केन्द्र का उद्घाटन क्षेत्र के जनपद सदस्य जैमुनबाई कंबर के कर कमलों से सम्पन्न हुआ , इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए जैमुनबाई कंबर ने कहा कि नन्हें बच्चों को पाठशाला की सबसे ज्यादा जरूरी होता है और कक्षा में ही शिक्षक एवं विद्यार्थी का ध्यान पढ़ाई पर होता है , ऐसी स्थिति में आज आमाकट्टपा में आंगनबाड़ी भवन का उद्घाटन होना निश्चय ही बच्चों की प्रतिभा को बढ़ाने में ही सहायक होगा। इस अवसर पर मुख्यरूप से सरपंच धालुराम सहारे, मिथलेश धरेन्द्र पंच चुनुराम मंडावी, भवभूति कलिहारी, व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री साहू , अलकुंवर भण्डारी, भुनेश्वरी साहू, पार्वती मषिया, नमीन सरिता भुआर्य , देवराम भुआर्य , चिन्ताराम नायक , जैतराम यादव , झुमुक मण्डावी, सुरेश कुमार नायक , जीवनीबाई आदि उपस्थित रही।

## चौकी रोड में प्याऊ घर खुला

**पुराना बस स्टैंड और हाट बाजार में भी खुलेगा प्याऊ घर ,**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भीषण गर्मी के चलते नगर के चौकी रोड के मुख्य मार्ग पर कृषि उपज मंडी डोंगरगांव द्वारा राहगीरों,और,आम नागरिकों के लिए प्याऊ घर खोला गया है इस प्याऊ घर खोलने से कृषि उपज मंडी, सेवा सहकारी समिति, वन विभाग, कालेज, सरकारी स्कूल और मुख्य मार्ग में आने जाने वाले नागरिकों को पानी का लाभ मिलेगा, इनके अलावा कृषि उपज मंडी द्वारा नगर के पुराना बस स्टैंड और हाट बाजार में एक एक प्याऊ घर संचालित किया जाएगा। चौकी रोड में प्याऊ घर शुभारंभ में कृषि उपज मंडी के कैलाश कामडे, दीपक सिंह ठाकुर, नीलम निषाद, यशवन्त धनगुन, चमरू यादव, योगेश मंडलोई, खुमान पटेल, रेखराम सोनकर, रूपराम सोनकर इत्यादि उपस्थित थे।




## 9 वीं एवं 11 वी के परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने मारी बाजी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 2026 में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निर्देशाअनुसार 9 अप्रैल को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहड़ में स्थानीय परीक्षा 9वीं एवं 11 वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा 11वीं कला संकाय में प्रथम मोनिका निषाद 73 प्रतिशत, द्वितीय गायत्री ठाकुर 69 प्रतिशत,11वीं कॉमर्स संकाय में प्रथम उर्वशी देवांगन 81 प्रतिशत, द्वितीय लेखनी धनकर,11वीं विज्ञान संकाय में प्रथम हसीना पटेल 83 प्रतिशत, द्वितीय चेतना धनकर 68 प्रतिशत , 11वीं गणित संकाय में प्रथम दिव्या 77 प्रतिशत, द्वितीय देविका देवांगन 75 प्रतिशत, कक्षा 9वीं वर्ग अ में प्रथम हिमांशी देवांगन 86 प्रतिशत, द्वितीय दुर्गेश्वरी यादव 76 प्रतिशत, कक्षा 9वीं वर्ग ब में मोनिका निषाद 83 प्रतिशत, द्वितीय युक्ति देवांगन 79 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हुए। प्राचार्य श्री ओमप्रकाश देवांगन जी ने उत्तीर्ण छात्र छात्रा को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि सभी अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को अवसर परीक्षा में सम्मिलित होना। इस तरह 11 वीं का परीक्षा परिणाम 81 प्रतिशत रहा एवं 9वीं का परीक्षा परिणाम 69 प्रतिशत रहा।



**शुभांक**

**3-6-9**

**267-5 380-1**

**भाग्यांक**

**350-8 156-2**

## गायत्री एलुमनी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन

### गायत्री विद्यापीठ को स्पोटर्स एकेडमी एसोसियेशन




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की प्रतिष्ठित संस्था गायत्री विद्यापीठ द्वारा मोहारा रोड स्थित एवरग्रीन टर्फ में त्र्क्करु का भव्य समापन हुआ जिसमें सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए। उक्त 6 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों के बीच 31 मार्च से 5 अप्रैल तक रोमांचक मुकाबला जारी रहा जिसमें प्वाइंट्स के आधार पर टीम का चयन किया गया। मैच के आरंभ से लेकर अंत तक खिलाड़ियों में उत्साह, अनुशासन व प्रतिस्पर्धा की भावना देखने योग्य रही। मैच में मैन ऑफ द मैच- मुकेश शर्मा, बेस्ट बॉलर- मुकेश शर्मा, बेस्ट बेट्समेन- कनक शर्मा, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट- रविश डागा को दिया गया। मैच में विनर अवार्ड- मनीधारी ब्लास्टर्स को मिला जिन्हें ट्राफी के साथ 21000/- का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार प्रथम रनर अप का अवार्ड बालाजी ङ्क्ष्ठ को मिला जिसमें उन्हें ट्राफी के साथ 15000/- का चेक एवं द्वितीय रनर अप का अवार्ड एलुमनी टाइटन्स को 1000/- रुपए का चेक एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। आयोजन के दौरान गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष द्वारा सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि गायत्री एलुमनी प्रीमियर लीग (त्र्क्करु) केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यालय एवं उसके पूर्व विद्यार्थियों के बीच आत्मीय संबंधों को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम है, इससे वर्तमान विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलती है, विद्यालय परिवार की एकता और भी मजबूत होती है। उन्होंने इसे एक शानदार और प्रेरणादायक आयोजन बताया। स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा गायत्री विद्यापीठ को विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शाला की शिक्षिका अंजलि सोनवानी एवं सोनल रायचा द्वारा किया गया। सुंदर वीडियोग्राफी व्याख्याता श्री आशीष सोनवानी ने किया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, सह स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री मनोज चितलांग्या, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्री अंकित व्यास, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, प्रशासकअनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202603090100021 अ-21 (1) वर्ष 2025-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बिटान बाई उर्फ बिटावन पुत्री श्री भानू (पति गोविंद), निवासी महराजपुर, चिचोला, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम रामपुर, पहनं-16, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 151/4 रकबा 0.4090 हे. को मकान के पुनःनिर्माण हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी व्यक्ति श्रीमती अनिता लोढ़ा ध.प. श्री महावीर लोढ़ा, निवासी महावीर नगर, दुर्ग के पक्ष में विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 17.04.2026 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता / मुख्यत्यारआम के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.04.2026 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार छुरिया जिला-राजनांदगांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**!! ईश्तहार!!**

रा.प्र.क. 202603092300008 ब-121 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक संजय पिता रजउ जाति गोंड, निवासी ग्राम आरबीरा, तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने स्वयं का जन्म दिनांक 13/12/2005 को ग्राम आरबीरा, में हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 13/12/2005 को ग्राम पंचायत पारागांवकला में जन्मतिथि दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 15/04/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 30/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202604094500006**

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2025-2026

विषयः- ब-121

सेंदरी प.ह.न. 00011 [(हे0) ]

पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - तीजराम,

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक तीजराम पिता भूखन जाति गोंड निवासी ग्राम सेन्दरी तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक अपनी माता घसनीन बाई पति भूखन जाति गोंड का मृत्यु दिनांक 12.08.2004 को स्थान सेन्दरी में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत सेन्दरी में संधारित मृत्यु पंजी/रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदक अपनी माता घसनीन बाई पति भूखन जाति गोंड की मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत सेन्दरी में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत सेन्दरी में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 17.04.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2026 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार लाल बहादुर नगर**

nandgaon times april-10-5.qxd 4/9/2026 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) माताबेरी पेरा और पचरा, जिन्हें हाल ही में जीआई टैग मिला है, किस राज्य से संबंधित हैं?*
*2) हाल ही में खबरों में देखे गए होकेसर वेटलैंड का कौन से राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?*
*3) राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवाड्र्स योजना के लिए नोडल मंत्रालय कौन सा है?*
*4) 1980 में भारत में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?*
*5) हाल ही में दिवंगत हुए राजगोपाल चिदंबरम किस क्षेत्र से जुड़े थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) त्रिपुरा (2) जम्मू और कश्मीर (3) कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय (4) 6 (5) नाभिकीय भौतिकी

# नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, कार्रवाई नहीं होने से शातिर ठगों के हौसले बुलंद, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** क्षेत्र में इन दिनों सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। शिकायतों के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से ठगों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, डोंगरगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर संगठित तरीके से ठगी की जा रही है। इस मामले में आरोपी देवेंद्र गोरले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, लेकिन कथित मास्टरमाइंड भिलाई का भाजपा नेता जयप्रकाश यादव अब तक फरार है। इसी कड़ी में कई और पीड़ितों ने भी सामने आकर शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम रीवागहन निवासी जगत राम वर्मा ने आरोप लगाया है कि गांव के ही टकेश्वर वर्मा और डोंगरगढ़ निवासी आकाश शर्मा ने उनके पुत्र को पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर वर्ष 2021 में किस्तों में 5 लाख 40 हजार रुपये लिए। यह लेन-देन परिचित अशोक बसोने की मौजूदगी में हुआ था। वहीं ग्राम विष्णुपुर निवासी भोजराम वर्मा ने टकेश्वर वर्मा और जयप्रकाश यादव पर आरक्षक पद पर भर्ती कराने के नाम पर 4 लाख रुपये लेने का आरोप लगाया है। इसी प्रकार ग्राम रीवागहन के नंदकुमार वर्मा ने वेयरहाउस छुरिया में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर 1 लाख रुपये और खिलेश वर्मा ने अपनी पत्नी को आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर नियुक्ति दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये ठगे जाने की शिकायत दर्ज कराई है।



माहभर पहले शिकायत, फिर भी कार्रवाई शून्य- पीड़ितों ने बताया कि रीवागहन निवासी टकेश्वर वर्मा के खिलाफ डोंगरगढ़ थाने में करीब एक माह पूर्व लिखित शिकायत भी दी गई थी, लेकिन पुलिस ने जांच का आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब तक न जांच आगे बढ़ी है और न ही किसी आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।आरोप है कि जब फरियादी थाना पहुंचते हैं, तो उन्हें यह कहकर डराया जाता है कि नौकरी के नाम पर पैसा देने वाले भी आरोपी बनाए जा सकते हैं। इस डर के कारण पीड़ित ग्रामीण न्याय के लिए भटकने को मजबूर हैं। कर्ज लेकर या धान बेचकर दी रकम, अब मिल रही धमकियां- पीड़ितों का कहना है कि किसी ने कर्ज लेकर तो किसी ने धान बेचकर रकम जुटाई थी। अब जब वे अपने पैसे वापस मांगते हैं, तो आरोपियों द्वारा गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी दी जाती है, जिससे उनका परिवार मानसिक तनाव में है। पीड़ितों ने लेन-देन से संबंधित एक वीडियो क्लिप भी पुलिस को सौंपी है, जिसमें नगद राशि दिए जाने का दृश्य कैद बताया जा रहा है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। पीड़ितों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष व गहन जांच कर इस ठगी रैकेट का पर्दाफाश किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो इस तरह के मामलों में और बढ़ोतरी हो सकती है और आम जनता का विश्वास व्यवस्था से उठ सकता है। डोंगरगढ़ एसडीओपी केसरी नंदन नायक ने कहा कि फिलहाल मैं अवकाश पर हूं। ड्यूटी में आनें के बाद संबंधित मामलों की जानकारी लेता हूं। थानें में पहुंचनें वालें हर फरियादियों की समस्या का निराकरण अवश्य करना है।

## कलेक्टर ने त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के कार्यो का संपादन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी किया नियुक्त

पदमराज सिंह ठाकुर

**क़बीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1995 के नियम 20 तथा 21 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के कार्यो का संपादन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया हैं। कबीरधाम जिले के 07 ग्राम पंचायतों में सरपंच और 27 पंचायतों में पंच पदों का उप निर्वाचन होगा। कलेक्टर ने इसके लिए संबंधित तहसीलदार को रिटर्निंग ऑफिसर और जनपद सीईओं को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया हैं।




## अपर कलेक्टर ने राजस्व पखवाड़ा शिविर मोतीपुर का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने डोंगरगढ़ विकासखंड के लाल बहादुर नगर तहसील के ग्राम मोतीपुर में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। राजस्व पखवाड़ा शिविर में ग्राम मोतीपुर एवं गोविंदपुर के किसान, सरपंच, पंच और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर में पटवारी द्वारा बी-1 पढ़कर सुनाया गया तथा ग्रामवासियों से ग्राम में फौत हुए लोगों की जानकारी ली गई। वर्ष 2025 में तिलोकीराम चंद्रवंशी, बोधी चंद्रवंशी, हीरामण गोंड, मुकेश चंद्रवंशी, संतानु सतनामी, सुखदास सतनामी, लगनी बाई, टीकम चंद्रवंशी, रमोतिन बाई, रोमन चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम कंवर एवं देवंतीन बाई के निधन की पुष्टि हुई। शिविर के किसानों के राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई। शिविर में प्रहलाद गोंड एवं दिनेश द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर अविवादित नामांतरण दर्ज करने हेतु पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। शेष मृतकों के संबंध में सरपंच एवं पटवारी द्वारा बताया गया कि उनके वारिसानों के नाम पहले ही फौती नामांतरण की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। राजस्व पखवाड़ा शिविर में लंबे समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। ग्राम मोतीपुर के 70 वर्षीय किसान श्री किसन लाल कंवर ने बताया कि 3 पीढ़ी से बटवारा नहीं हुआ था। किसान श्री किसन ने बताया कि उनके चार भाइयों में से दो भाइयों का निधन हो चुका था तथा दो जीवित हैं, लेकिन अब तक खाता विभाजन नहीं होने से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, खाद-बीज सहित विभिन्न कृषक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें लघु कृषक के रूप में नहीं मिल पा रहा था।



# जल जीवन मिशन से ग्राम बीजाभांठा में हर घर जल का सपना बना हकीकत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन के जल जीवन मिशन अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बीजाभाठा में हर घर जल का सपना अब हकीकत बन गया है। ग्राम बीजाभाठा के ग्रामीण कभी पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे। गर्मी के दिनों में हैंडपंप और कुएं सूखने से स्थिति और भी विकट हो जाती थी और पानी के लिए लंबी कतारें लगती थीं। शसन द्वारा इन कठिन परिस्थितियों को देखते हुए जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम बीजाभाठा में हर घर जल योजना के तहत गांव में सुनियोजित तरीके से पाइपलाइन बिछाने, पानी टंकी (ओवरहेड टैंक) निर्माण कराया एवं प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस पूरे कार्य में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, जल एवं स्वच्छता समिति, तकनीकी टीम एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्रामीणों ने योजना के महत्व को समझा और इसके सफल क्रियान्वयन में सहयोग दिया। नियमित मॉनिटरिंग, गुणवत्ता जांच एवं समय-समय पर बैठक आयोजित कर कार्य की प्रगति सुनिश्चित की गई। जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजाभाठा में हर घर में नल के माध्यम से स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। यह बदलाव ग्रामीणों के जीवन में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन लेकर आया है। अब ग्रामीण महिलाओं को पानी लाने के लिए लाईन नहीं लगाना पड़ता, जिससे उनके समय की बचत हो रही है और इस समय का उपयोग अन्य घरेलू कार्यों और आत्मनिर्भर गतिविधियों में कर रही हैं। इस योजना का प्रभाव केवल पेयजल सुविधा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ा है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से जलजनित बीमारियों में कमी आयी है। गांव में स्वच्छता का स्तर भी बेहतर हुआ है और ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इसके अलावा ग्राम में जल संरक्षण एवं जल के उचित उपयोग के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है।



# अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी की आड़ में एवं अवैध प्लाटिंग 22 एकड़ की जांच का खुलासा कलेक्टर करवाए - ओस्तवाल

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से राजनांदगांव जिले के जागरूक और तेज तर्रार कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव जी से यह मांग की है कि निगम द्वारा लगभग 5 एकड़ 64 डिसमिल में अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी के नाम से एक कालोनी स्वीकृत की गई थी और उसी अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी की अनुमति की आड़ में अभिनंदन गैलेक्सी बाउंड्रीवॉल के अंदर अन्य कालोनाईजरों को अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी के नाम एक ही आम रास्ते से अन्य सभी कालोनियों को कालोनी विकास की अनुमति उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं नगर निगम आयुक्त/भवन अधिकारी के द्वारा कालोनी विकास की अनुमति जो जारी की गई एवं अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमि स्वामियों को शासन के नियम विरूद्ध उक्त खसरों पर ऑनलाईन कालोनी विकास की अनुमति भी जारी की गई और छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग मंत्रालय के अवर सचिव त्रिलोचन पवार के द्वारा दिनांक 05.03.2025 को प्रति कलेक्टर को पत्र संबोधित करते हुए अन्य तीनों विभागों के प्रमुख अधिकारियों के नाम कलेक्टर के द्वारा पत्र जारी किया गया उस अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी के संपूर्ण क्षेत्रफल की जांच का खुलासा एवं 22 एकड़ के अवैध प्लाटिंग का जो मामला विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से लगा था उस पूरे मामले की जांच का खुलासा कलेक्टर महोदय करवाए क्योंकि उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के सूर्यभान सिंह ठाकुर एवं निगम आयुक्त और भवन अधिकारी इस अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी में भी शासन को वित्तीय हानि पहुंचाते हुए कालोनाइजरों एवं अवैध प्लाटिंग करने वाले लोगों को जो संरक्षण दिये थे और नोटिसों की आड़ में मामले को जो दबाया जा रहा वह शासनहित में और जनहित में नही है एवं उससे 2031 के मास्टर प्लान की पूरी तरह से धज्जियां उड़ाई जा रही है और आज के समाचार पत्रों में नगर निवेश विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जो कार्यवाही का खुलासा हुआ है ठीक उसी तरह कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव जी से चाहुंगा कि जिस अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी की आड़ में जो 22 एकड़ क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर बेच दिया गया।



# लाइसेंसी पिस्टल दिखाकर धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले आरोपी को कबीरधाम पुलिस ने किया गिरफ्तार

## लायसेंसी पिस्टल, मैगजीन, जिंदा कारतूस, कार व अन्य सामग्री जप्त

पदमराज सिंह ठाकुर

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कबीरधाम में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (छ्वक्क्स्) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कबीरधाम पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

प्रकरण में दिनांक 08.04.2026 को प्रार्थी पिताम्बर गुप्ता, निवासी ग्राम धिरहा, थाना कवर्धा द्वारा थाना कोतवाली में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 02.04.2026 को रात्रि लगभग 10:30 बजे आरोपी सचिन चड्डा उसकी किराना दुकान में आया और स्वयं को एफसीआई का बड़ा अधिकारी बताते हुए चोरी के चावल खरीदने का झूठा आरोप लगाकर धमकाने लगा।



आरोपी द्वारा अपने पास रखी लाइसेंसी पिस्टल दिखाकर प्रार्थी को डराया गया तथा जेल भेजने की धमकी देकर 60,000 रुपये की मांग की गई, जिससे भयभीत होकर प्रार्थी ने 50,000 रुपये आरोपी को दे दिए। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 140/2026 धारा 308(6) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथन लिए गए तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की गई। जांच के दौरान आरोपी सचिन चड्डा पिता भरत लाल चड्डा, उम्र 47 वर्ष, निवासी जबलपुर (म.प्र.) एवं वर्तमान निवास रायपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर एक कार ग्रैंड विटारा क्रमांक रूक्क-20-्य-8201, एक नग 0.32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल, 02 नग मैग्जीन तथा 11 राउंड जिंदा कारतूस एवं पिस्टल पाउच जप्त किया गया। आरोपी को दिनांक 09.04.2026 को 15:25 बजे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही जारी है तथा प्रकरण की विवेचना प्रचलित है। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार स्वयं को अधिकारी बताकर धमकाने या अवैध वसूली करने का प्रयास करता है, तो तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष में सूचना दें। उक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## धर्म समाचार....

# बुध गोचर से इन 4 राशियों की पलटेगी किस्मत, क्या लिस्ट में है आपकी राशि?

बुध देव वाणी, व्यापार और संचार के देवता हैं। जब बुध राशि परिवर्तन करते हैं, तो गोचर का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ता है। 11 अप्रैल 2026 को बुध देव मीन राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। इस गोचर का समय 4 राशियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जातकों का ध्यान घर-परिवार की सुख-सुविधाओं पर रहेगा। साथ ही कामों में शानदार सफलता मिल सकती है। करियर में एक अलग पहचान बन सकती है। ऐसे में आइए एस्ट्रोलॉजर आनंद सागर पाठक से जानते हैं कि बुध गोचर का प्रभाव धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि पर क्या पड़ेगा।

**धनु राशि**- बुध देव के इस बदलाव से आपका ध्यान करियर से ज्यादा घर-परिवार की सुख-सुविधाओं और जरूरतों पर रहेगा। इस बीच मन में थोड़ी बेचैनी या भावनात्मक उतार-चढ़ाव महसूस हो सकता है। इस समय करियर में कोई बड़ा बदलाव करने के बजाय जो जैसा चल रहा है, उसे शांति से चलने दें। मन को शांत रखना ही आपकी सबसे बड़ी जीत होगी, इसलिए किसी भी तरह की मानसिक उथल-पुथल से खुद को बचाकर रखें।




**मकर राशि**- आपकी मेहनत इस समय रंग लाएगी और दूसरों को प्रभावित करने का आपका तरीका काफी शानदार रहेगा। बातचीत और संचार से जुड़े कामों में आपको बेहतरीन सफलता मिल सकती है। बस एक सावधानी जरूर बरतें कि ऑफिस के जरूरी कागजात या ईमेल भेजने से पहले उन्हें एक बार फिर से चेक कर लें। प्रेम संबंधों में भी अपनी बात कहते समय थोड़ा धीरज और स्वभाव में नरमी रखना आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा।

**कुंभ राशि**- पैसों और निवेश के मामलों में यह समय थोड़ी उलझन पैदा कर सकता है, इसलिए लेनदेन को लेकर बहुत सावधान रहें। किसी भी तरह के जोखिम भरे निवेश से पूरी तरह दूर रहना ही आपके हित में होगा। अपनी बात को परिवार और कार्यक्षेत्र में बहुत साफतरीके से रखें ताकि कोई गलतफहमी न पैदा हो। इस दौरान अपनी वाणी और शब्दों के चुनाव पर नियंत्रण रखना आपके लिए सबसे ज्यादा जरूरी और फायदेमंद रहेगा।

**मीन राशि**- बुध देव आपकी ही राशि में आ रहे हैं, जिससे आपकी कल्पना शक्ति और कुछ नया रचने की क्षमता बहुत बढ़ जाएगी। आपके मन में ऐसे अनोखे विचार आएंगे जो करियर में आपकी एक अलग पहचान बना सकते हैं। हालांकि, केवल ख्यालों में खोए रहने के बजाय उन विचारों को हकीकत में बदलने की पूरी मेहनत करें। प्रेम संबंधों में भी आप अपनी भावनाओं को दूसरों के सामने बहुत अच्छे से व्यक्त कर पाएंगे।

करियर के लिए मंत्र: ओम ऐं श्रीं बुधाय नम:।

## क्या आप पर भी है शनि देव की टेढ़ी नजर? जानें महादशा और ढैय्या से राहत के अचूक उपाय

क्या आप पर भी है शनि देव की टेढ़ी नजर? जानें महादशा और ढैय्या से राहत के अचूक उपाय




ज्योतिष शास्त्र में शनि देव को 'न्यायाधीश' और 'कर्मफलदाता' माना गया है। शनि देव कभी भी बिना कारण किसी को कष्ट नहीं देते, वह व्यक्ति को उसके कर्मों के आधार पर ही फल देते हैं। यदि आपकी कुंडली में शनि की स्थिति प्रतिकूल है, तो आपको कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सही कर्म और सटीक उपायों से आप नकारात्मक प्रभावों से बच सकते हैं।

**मिलते हैं ये लक्षण**- जब व्यक्ति पर शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या या महादशा चलती है, तो उसे जीवन में कुछ संकेत मिलने लगते हैं, जो इस प्रकार हैं –

**शनि देव को प्रसन्न करने के लिए करें ये दान**- शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या या महादशा के प्रभावों से मुक्ति पाने के लिए दान-पुण्य करना विशेष लाभकारी माना गया है। इसके लिए आप शनिवार के दिन अपनी क्षमता के अनुसार गरीबों व जरुरतमंद लोगों के बीच काली उड़द की दाल, काले तिल, सरसों का तेल, जूते-चप्पल या फिर काले रंग के कपड़ों का दान कर सकते हैं। इससे आपको अपनी स्थिति में लाभ देखने को मिलेगा।

**कष्टों से मुक्ति के उपाय**- यदि आप शनि के प्रकोप को कम करना चाहते हैं तो शनिवार को हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ जरूर करें। पौराणिक कथा के अनुसार शनि देव ने हनुमान जी को वचन दिया था कि वे उनके भक्तों को कभी कष्ट नहीं देंगे। शनिवार की शाम को पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाना और 7 बार परिक्रमा करना भी शनि देव के प्रकोप को कम करने का एक बेहतर उपाय है। काले कुत्ते को रोटी खिलाने और चींटियों को आटा डालने से भी शनि देव प्रसन्न होते हैं। छायादान भी एक प्रभावी उपाय है। इसके लिए एक कटोरी सरसों का तेल लेकर उसमें अपना चेहरा देखें और फिर उसे शनिवार को किसी जरूरतमंद को दान कर दें। इस बात का ध्यान रखें कि शनि देव केवल उन्हीं को कष्ट देते हैं जो आलसी हैं, बड़ों का अपमान करते हैं या अन्याय करते हैं। वहीं जो लोग सत्य और ईमानदारी के रास्ते

nandgaon times april-10-5.qxd 4/9/2026 11:57 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जियो और जीने दो का संदेश ही विश्व कल्याण का मार्ग : कलेक्टर जितेंद्र यादव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री पार्श्वनाथ जैन बगीचा में आयोजित सामूहिक नवकार जाप के अवसर पर जिलाधीश जितेंद्र यादव ने जैन धर्म की प्राचीनता और इसके सिद्धांतों की सराहना करते हुए समाज को संबोधित किया। उन्होंने जैन धर्म को मानवीय मूल्यों का आधार बताते हुए कहा कि यह विश्व का एकमात्र ऐसा धर्म है जो 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत को न केवल सिखाता है, बल्कि आत्मसात भी करता है।



**ऋषि-मुनियों की तपस्या और गौरवशाली परंपरा**

अपने संबोधन में कलेक्टर यादव ने कहा कि जैन धर्म की परंपरा हजारों साल पुरानी है और इसके ऋषि-मुनियों ने कठोर तपस्या से इस संस्कृति को जीवित रखा है। उन्होंने जैन संतों की महिमा का वर्णन करते हुए भावुक अंदाज में कहा: जैन मुनि और संत जिसे देख लें, उसका उद्धार हो जाता है (वह तर जाता है)। उनके चरण जिस पत्थर पर भी पड़ जाएं, वह पत्थर भी पूजनीय हो जाता है। ऐसी दिव्य और त्यागपूर्ण जीवनशैली केवल इसी धर्म में संभव है।

**युवा पीढ़ी के लिए विशेष संदेश**

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को देखते हुए उन्होंने नई पीढ़ी को एक महत्वपूर्ण सीख दी। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे आधुनिकता की दौड़ में अपनी जीवन वैल्यू (रुद्बद्धद्ग ङ्कड्डद्यह्वद्गह्य) और सिद्धांतों को कभी न छोड़ें। उन्होंने जोर देकर कहा कि सिद्धांत ही व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करते हैं और समाज को सही दिशा दिखाते हैं।

**मुख्य बातें:**

**अहिंसा का मार्ग:** 'जियो और जीने दो' का वैश्विक संदेश।

**अटूट आस्था:** जैन संतों की दृष्टि और चरणों की पावनता का उल्लेख।

**संस्कारों का महत्व:** युवाओं को अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान।

इस अवसर पर सकल जैन समाज के पदाधिकारी और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। जिलाधीश के इन प्रेरक विचारों ने समाज के युवाओं और वरिष्ठों के बीच एक नई ऊर्जा का संचार किया।

## 7 तारीख, 7 टीम, और 7 ठिकाने

# 'सर्जिकल स्ट्राइक' की सफलता और साख का संकट

( विशेष प्रतिनिधि )

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ के अड्डों पर की गई हालिया छापेमारी जिसे ऑपरेशन कबाड़ का नाम दिया जा रहा है, अपने आप में कई विरोधाभासों को समेटे हुए है। एक ओर जहाँ 32 लाख रुपये के चोरी के माल की बरामदगी और संगठित सिंडिकेट पर प्रहार के लिए एसपी अंकिता शर्मा और उनकी टीम की पीठ थपथपाई जानी चाहिए, वहीं दूसरी ओर इस कार्रवाई ने जिला पुलिस की आंतरिक कार्यप्रणाली और सत्यनिष्ठा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। सवाल केवल 32 लाख के माल का नहीं है, बल्कि उस 'सिस्टम' का है जो कानून की नाक के नीचे ऐसे अवैध साम्राज्यों को फलने-फूलने देता है।

शहर के चिखली, लखोली, ममता नगर, और सोमनी जैसे क्षेत्रों में सालों से चल रहे इस काले कारोबार से पुलिस अनजान थी, यह बात गले नहीं उतरती। जब भारी मात्रा में गाड़ियों के इंजन, चेसिस और नंबर प्लेट्स बरामद होते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि यह एक-दो दिन की गतिविधि नहीं थी। यह चोरी की गाड़ियों को 'खपाने' का एक व्यवस्थित श्मशान घाट था। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि संबंधित थानों के बीट प्रभारी और थानेदार अब तक क्या कर रहे थे।



**क्या यह पुलिस का 'इंटेलिजेंस फेलियर' था या फिर 'वर्दी की सरपरस्ती' में चल रहा खेल.. ?**

अक्सर यह देखा गया है कि जब भी कोई बड़ी कार्रवाई सीधे उच्च अधिकारियों के नेतृत्व में होती है, तो वह निचले स्तर के भ्रष्टाचार को उजागर कर देती है। राजनांदगांव की गलियों में चल रही यह चर्चा कि यह कार्रवाई 'मासिक भेंट' कम होने या दबाव बनाने का नतीजा हो सकती है, पुलिस की छवि के लिए घातक है। जनता का पुलिस पर भरोसा तभी बना रह सकता है जब कार्रवाई केवल प्यादों पर न होकर, उन शहंशाहों पर भी हो जो रक्षक की वर्दी पहनकर भक्षकों को पाल रहे हैं।

**एसपी अंकिता शर्मा ने अपराधियों और उनके संरक्षकों को न बख्शने की बात कहकर अपने इरादे तो साफकर दिए हैं, लेकिन असल कसौटी जवाबदेही तय करना होगी।**

क्या उन थानेदारों पर विभागीय जांच होगी जिनके क्षेत्र में सालों से यह अवैध धंधा बेखौफ चल रहा था? क्या पुलिस विभाग अपने भीतर बैठे 'सफेदपोश मददगारों' का नाम उजागर करने का साहस दिखाएगा? अगर यह 'ऑपरेशन कबाड़' केवल कुछ गिरफ्तारियों और माल की जप्ती तक सिमट कर रह गया, तो इसे महज एक 'हेडलाइन मैनेजमेंट' माना जाएगा। लेकिन यदि इसके जरिए उस नेक्सस को तोड़ा गया जो खाकी और कबाड़ के बीच बना हुआ है, तभी राजनांदगांव की जनता खुद को सुरक्षित महसूस करेगी। वक्त आ गया है कि पुलिस केवल अपराधियों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' न करे, बल्कि अपने विभाग में लगे भ्रष्टाचार के 'कबाड़' की भी सफाई करे।

# सांकरीपार में हनुमंत सेवा संस्थान राका डोंगरगढ़ के द्वारा पांच दिवसीय महायज्ञ आयोजित



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हनुमंत सेवा संस्थान राका डोंगरगढ़ के द्वारा सांकरीपार में पांच दिवसीय महायज्ञ पंडित तेजेशवर महराज एवं तिलेन्द महराज के सानिध्य में महायज्ञ आयोजित हुई । ग्राम के कुलेश्वर निषाद ने बताया कि इस महायज्ञ में सांसद सन्तोष पाण्डेय, भरत वर्मा पूर्व प्रदेश महामंत्री, भाजपा नेता दिनेश गांधी, अन्जु त्रिपाठी नगर पंचायत डोंगरगांव, जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटौदी, गुलशन हिरवानी जनपद उपाध्यक्ष मनीश साहू, जनपद सभापति ममता, मनीष, याददास साहू, जनपद सदस्य दीपक, डोमन पटेल उपस्थित होकर कार्यक्रम की प्रशंसा की । श्री हनुमंत सेवा संस्थान के अध्यक्ष रेशम साहू, मोहन साहू, सह सचिव दिनेश निषाद एवं संस्थान के सदस्य व ग्रामवासियों की सहयोग से सांकरीपार में भव्य महायज्ञ का आयोजित हुआ । पंडित तेजेशवर महराज एवं तिलेन्द महराज के सानिध्य में ग्रामीणों ने महायज्ञ का रसपान किया।

# पुल बना, सड़क नहीं - बरारमुंडी (आटरा) में अधूरे विकास की पोल, ग्रामीणों ने श्रमदान से संभाली जिम्मेदारी

## खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने किया स्थल निरीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम बरारमुंडी (ग्राम पंचायत आटरा) में शिवनाथ नदी पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल आज भी अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है। पुल निर्माण के बाद उसे जोड़ने वाली सड़क का निर्माण नहीं किए जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति शासन और संबंधित विभागों की अधूरी योजना और लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पुल बनने के बावजूद सड़क के अभाव में उसका उपयोग लगभग नगण्य है। रोजमर्रा के आवागमन, बच्चों के स्कूल जाने तथा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में लोगों को जोखिम उठाना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब नदी के आसपास का क्षेत्र जलमग्न हो जाता है और आवाजाही पूरी तरह बाधित हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया, साथ ही च्च्सुशासन तिहारज्ज् जैसे मंचों पर भी आवेदन प्रस्तुत किए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इससे नाराज और परेशान ग्रामीणों ने अंतत: स्वयं पहल करते हुए श्रमदान के माध्यम से रास्ता सुधारने और नदी कटाव रोकने का कार्य शुरू कर दिया है। ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे इस कार्य में हजारों बोरी सीमेंट और कई क्विंटल लोहे की छड़ का उपयोग किया जा रहा है।



यह प्रयास जहां ग्रामीणों की एकजुटता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यह शासन-प्रशासन की उदासीनता और विफलता को भी उजागर करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए खुज्जी विधायक माननीय भोलाराम साहू ने स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को संबंधित विभाग और मंत्री के समक्ष प्राथमिकता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की मांग को जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि जब पुल का निर्माण किया जा रहा था, तब उसे जोड़ने वाली सड़क की योजना क्यों नहीं बनाई गई। क्या विकास केवल कागजों और उद्घाटनों तक ही सीमित रह गया है? ग्रामीणों की मेहनत और सहभागिता निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन यह स्थिति यह भी दर्शाती है कि विकास कार्यों में समन्वय और दूरदर्शिता की कमी किस प्रकार आमजन को परेशान कर रही है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा के अध्यक्ष प्रताप सिंह घावड़े सहित ग्रामीण शत्रुहन साहू, जीवराखन साहू, कुमार साय, नाथूराम साहू, थूकेल साहू, श्रीमती सांवली बाई मालेकर (पंच), श्रीमती मिलापा बाई कोमरे (पंच), सियाराम निषाद, सुभेराम साहू, थानसिंह साहू, तिलखुराम साहू, कोमल साहू, आसुराम, झमकलाल साहू, बिश्रीबाई साहू एवं सत्तर मालेकर मौजूद रहे।

# चिखला मटिया में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गायत्री परिवार की ओर से जन्म शताब्दी संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे यज्ञ अभियान के तहत चिखला मटिया में एक दिवसीय संगीतमय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ । जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के माध्यम से गांव की देवी देवताओं एवं यज्ञ प्रधान देव शक्तियों का आवाहन वंदन पूजन किया गया तत्पश्चात पांच कुंडीय यज्ञ में ग्राम के समस्त माता बहनों भाइयों द्वारा आहुतियां दी गई ।चार माताओं का पुंसवन संस्कार भी संपन्न हुआ ।यज्ञ के माध्यम से वातावरण का परिशोधन होता है नियमित रूप से घर में बलि वैश्व यज्ञ करते रहना चाहिए इससे घर का वातावरण एवं विचार सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण होता है । संध्या बेला में संगीतमय गायत्री दीप महायज्ञ संपन्न हुआ । गीता राम साहू एवं साथियों द्वारा युग संगीत प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात मुख्य वक्ता सिन्हा द्वारा युग ऋषि का संदेश सुनाया गया ।दीप प्रज्ज्वलित कर यज्ञ संपन्न कर भारत माता एवं गायत्री माता की आरती उतारी गई तत्पश्चात साहित्य एवं प्रसाद वितरण किया गया। बुंदेश्वरी साहू एवं डॉक्टर दिग्विजय साहू के मार्गदर्शन में ग्राम के डाकेश्वर भुआर्य,धसिया मानकर, दिनेश मानकर, विनोद सेन, गोकुल यादव,विनायक लटिया , गणेश बढ़ाई,चुम्मन भुआर्य कन्हैया चुरेंद्र एवं भगत पोंगरा का सराहनीय योगदान रहा।



# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से कलयुग में मुक्ति मार्ग मिलता है



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम वार्ड 44 मोहड़ में भक्ति संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 31 मार्च से 8 अप्रेल तक चल कथा व्यास पं हरिशरण वैष्णव जी ने 7अप्रेल को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष कथा सुनाया ऋषि दुर्वासा ने कृष्ण के गुरु सांदिपनि श्रृषि के पत्नी गुरू माता को भिक्षा में खाने के लिए मांगा गुरु माता ने कुछ नहीं है करके कुछ नहीं दिया दुर्वासा ऋषि ने अंतर ध्यान कर देखा कि चना का पोटली है दुर्वासा ऋषि ने श्राप दे दिया कि इस चना को जो कोई भी खाएगा दरिद्रता गरीबी उनको झेलना पड़ेगा श्रापित दे दिया इस बात को सुदामा ने सुना था गुरु माता लकड़ी लाने के लिए कृष्ण भगवान और सुदामा को भेजा इस समय चना का पोटली सुदामा को दिया और भूख लगने पर खाने की आज्ञा दी सुदामा इस बात का चिंतित हो गया कि श्री कृष्ण द्वारकाधीश का राजा है यदि चना उनको दे दूं तो गरीबी झेलना पड़ेगा इस कारण उनके हिस्से के चना को भी सुदामा ने खा लिया इस प्रकार भगवान को गरीबी से झेलना ना पड़े दरिद्रता से सुदामा सोच कर चने खा लिया सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारकाधीश जब तो कृष्ण भगवान ने उसके चावल के पोटली खाकर उसकी दरिद्रता को सुदामा का दूर किया सुदामा भक्ति को युगों-युगों याद करेगा परीक्षित मोक्ष की कथा भी सुनाया गया भागवत आचार्य से आशीर्वाद लिया जिला किसान कांग्रेस प्रभारी महामंत्री योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व पार्षद श्रीमती मीनाक्षी चंद्राकर किसान नेता मदन लाल साहू स्वतंत्रता साहू शिक्षक विनोद चंद्राकर शिक्षिका कमला चंद्राकर उर्वशी चंद्राकर सहित महिला समूह एवं ग्राम वासी बड़ी जनसंख्या में उपस्थित रहा।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी,
स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com